# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
# University of Lucknow, Lucknow

## Press note 03 May 2020

Counseling and Placement Cell, University of Lucknow organised Three Day Webinar (3-5 May, 2020)on the topic "Innovative Techniques in Entrepreneurial Development in COVID-19 Transition"

In the Inaugural Session of this Webinar the Chief Guest was Hon'ble Dy. Chief Minister and Minister of Higher education Prof. Dinesh Sharma and session was presided over by Hon'ble Vice Chancellor of University of Lucknow Prof. A. K. Rai.

Prof Sharma said University that I am happy to see the Lucknow University is really performing very well on various fronts in this pandemic situation and have accepted the situation as an opportunity a day not as a set back by introducing various academic credentials

He said that he is making sincere efforts at Central government level to provide benefits in the Centennial year as I can feel University is having its golden time .

Hon'ble V C Prof Alok Kumar Rai, said that Lucknow University is the trend setter with regard to introduction of online teaching learning methods and Extension services as well as social services.

We are doing our level best under the patronage of our Hon'ble Chancellor Smt Anandi Ben Patel and Hon'ble Higher Education Minister.

Prof Madhurima Lall, Director CPC and Dean CDC, L U and the convent of the program presented the remarkable academic enhancement in the academic credentials the university is undergoing under the dynamic patronage of the VC Be it introducing E- Learning technique bys, Students OPD, TREE Scheme for the Students and on the other hand providing Community services.

Above all along with qualitative academic credentials the university is bonded with high aesthetic and cultured patronage which brings LU at a place unmatched to any other institution

Prof M. Pradhan, Sri Sanjay Medhavi, Dr A. K. Singh, Dr. Sunita Srivastava, Dr Vaishali Saxena, Dr M K Agarwal All the Deans and teachers participated in the seminar, international delegates very prestigious academic experts graced the occasion

Prof A. K. Sengupta Ex Pro Vice Chancellor, L U presented the Key Note on the said theme. He opined that though India's GDP will decrease by 1 to 1.5 percent and crores of people may loose their jobs, still there are ample opportunities in Indian Economy to survive and again grow at faster rate within 6-8 months.

The other learned speakers in the session were Dr. Ashish Bhatnagar from EDI who spoken on Entrepreneurial Challenges in Post Covid Era. Dr Aparna Mishra, an Entrepreneur and consultant also put before us her ideas on Problems and Prospects of Entrepreneurship.

## प्रेस विज्ञप्ति

आज लखनऊ विश्वविद्यालय के काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा "कोविड-19 संक्रमण के दौर में उद्यमिता विकास के अभिनव तकनीक" विषय पर तीन दिवसीय वेबिनार का शुभारम्भ किया गया| वेबिनार के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि माननीय उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री उ०प्र० शासन प्रो०दिनेश शर्मा प्रस्तुत थे, तथा सत्र की अध्यक्षता प्रो० ए०के० राय, माननीय कुलपति लखनऊ विश्विद्यालय द्वारा की गयी| माननीय उच्च शिक्षा मंत्री ने लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति एवं शिक्षकों द्वारा संक्रमण काल में किए जा रहे बहु-आयामी प्रयासों की अत्यंत सराहना की| उन्होंने कहा की जब उन्हें अन्य स्रोतों से विश्वविद्यालय के उच्चतम उपलब्धियों एवं नव विचारों के बारे में जब प्रशंशा सुनने को मिलती है तो उन्हें अत्यंत संतुष्टि एवं प्रसन्नता प्राप्त होती है| लखनऊ विश्वविद्यालय ई-लर्निंग, ई-कंटेंट, विद्यार्थी ओपीडी सामुदायिक सेवा तथा विश्वविद्यालय प्रशासन कार्यप्रणाली के क्षेत्र में राज्य स्टार पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है. प्रो. शर्मा ने बताया कि वे शताब्दी वर्ष में विश्वविद्यालय के उन्नयन हेतु केंद्र सरकार स्तर पर भी प्रयासरत है|

कुलपति प्रो० ए०के० राय ने कहा कि माननीय उपमुख्यमंत्री के स्नेह एवं विश्वविद्यालय उच्चीकरण हेतु प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि उचित दिशानिर्देशन एवं विभिन्न गतिविधियों के लिए आर्थिक सहायता प्राप्त होती रहती है| उन्होंने बताया कि ऑनलाइन मॉडल्स, ई-न्यूज़लेटर, वेबसाइट पुनर्गठन, कम्युनिटीकिचन, प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण इत्यादि पर लखनऊ विश्वविद्यालय अपनी पहल कर रहा है| उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय में इन्क्यूबेशन सेण्टर, वीमेन इंटरप्रेन्योरशिप सेल स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया| 3, 4 & 5 मई 2020 को होने वाली इस वेबिनार के संयोजक सी.पी.सी. के निदेशिका एवं डीन कॉलेज डेवलपमेंट कॉउंसिल प्रो०मधुरिमा लाल ने वेबिनार के मुख्य अतिथि तथा अध्यक्ष सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा वेबिनार के विषय का विस्तृत परिचय प्रस्तुत किया| उन्होंने बताया कि हमारे युवा कर्मठ एवं उच्च तकनीक में निपुण मुखिया प्रो०ए०के०राय के दिशानिर्देशों में लखनऊविश्विद्यालय एक नई पहचान बना रहा है तथा उच्च संस्कार पूर्ण वातावरण का निर्माण हो रहा है| प्रो०लाल ने बताया कि सीपीसी ने अपने लगभग 2 वर्ष के कार्यकाल में 10000 से अधिक विद्यार्थियों को क्षमता निर्माण एवं रोज़गार योग्य बनाने हेतु प्रशिक्षित किये है तथा 1000 से अधिक लोगों को रोज़गार दिलाया है| प्रो ० दिनेश शर्मा के प्रयास के फलस्वरुप इस सेल में महात्मा गाँधी रोज़गार पीठ की भी स्थापना हुई है|

वेबिनार के प्रथम सत्र में प्रो०ए०के०सेनगुप्ता, पूर्व प्रति-कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था एवं विशेषतया उद्यमिता विकास पर कोविड-19 के प्रभावों की विस्तृत चर्चा की गयी। उन्होंने बताया कि इस महामारी के परिणामस्वरूप जी डी पी दर में 1 से 1.5 प्रतिशत कम होने सम्भावना है तथा अर्थव्यवस्था 3 ट्रिलियन से कम होकर लगभग 2 ट्रिलियन USD

तक आ सकती है| चीन से अपना व्यवसाय समाप्त कर उद्यमियों को भारत में आकर्षित करने का सुनेहरा अवसर है|

इसके अतिरिक्त भारतीय उद्यमिता विकास संसथान (EDI) के डा०आशीष भटनागर ने कोविड संक्रमण के पश्चात उद्यमिता सम्भन्धी चुनौतियों विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किया| एक अन्य विशिष्ट वक्ता डॉ०अपर्णा मिश्रा ने CWEHUB की समस्याओं एवं संभावनाओं पर अपना ज्ञानवर्धक वक्तव्य प्रस्तुत किया|

वेबिनार में 2000 से अधिक सहभगियो ने अपना पंजीकरण कराया तथा अधिकांश लोगों ने पुरे समय अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की| वेबिनार ने डीन कॉमर्स एवं साइंस प्रो०एस०के०शुक्ला, डीन विधिसंकाय प्रो०सी०पी०सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो०पूनम टंडन तथा विश्विद्यालय के सम्मानित शिक्षको ने अपनी सहभागिता की| वेबिनार के आयोजन मंडल में प्रो०एम्०के०अग्रवाल, प्रो०गौरी सक्सेना, प्रो०मधुरिमा प्रधान, प्रो०श्रुति, श्री संजय मेधावी, डॉ०वैशाली, डॉ०सुनीता एवं डॉ०ए०के०सिंह प्रमुख थे|

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
# University of Lucknow, Lucknow

## राष्ट्रीय सेवा योजना की लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई ने किया मास्क वितरण

कोविड-19 विभीषिका के बीच अपने कई जनहित कार्यों के क्रम में आज राष्ट्रीय सेवा योजना की लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई ने बलरामपुर अन्तरराष्ट्रीय छात्रावास, लखनऊ विश्वविद्यालय में मास्क का वितरण किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत संगठन मंत्री श्री घनश्याम शाही जी भी उपस्थित रहे।उन्होंने भी छात्रावास के अंतःवासी छात्रों को मास्क वितरित किये तथा मास्क के उपयोग एवं महत्त्व पर चर्चा की।

राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर राकेश द्विवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना ने माननीय कुलपति जी के निर्देशन में इस संकटपूर्ण स्थिति में लोगों में जागरुकता, उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य तथा उनकी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति सम्बन्धी अनेक कार्य किये हैं। मास्क मेकिंग, सोशल मीडिया अपील, कम्युनिटी किचेन तथा जनता में आरोग्य ऐप डाउनलोडिंग का प्रचार एवं इसके लाभ की जानकारी देना राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्त्वपूर्ण कार्य हैं। इसी क्रम में आज मास्क वितरण कार्यक्रम किया गया। बलरामपुर अन्तरराष्ट्रीय छात्रावास में अन्तरराष्ट्रीय छात्रों के बीच मास्क वितरण के साथ इसके निरन्तर एवं सही उपयोग की भी जानकारी दी गयी।

डॉक्टर राकेश द्विवेदी ने बताया इस अवसर पर छात्रावास के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहकर मास्क वितरण में सहयोग किया।

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
## University of Lucknow, Lucknow

लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की तरफ से आयोजित कराए जा रहे तीन दिवसीय अॉनलाइन वेबिनार "इम्पैक्ट ऑफ कोविड-19 ऑन इंटरनेशनल लॉ" में तीसरे दिवस पर लखनऊ विश्वविद्यालय के एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. भानू के द्वारा व्याख्यान दिया गया।

डीन विधि संकाय लविवि प्रो. सी.पी. सिंह ने बताया कि आज तीसरे और अंतिम दिन पर डॉ. भानू प्रताप के द्वारा "कोविड-19 एण्ड इंटरनेशनल लॉ" एवं "इम्पैक्ट ऑफ कोविड-19 अॉन इंटरनेशनल रिलेशन" विषय पर व्याख्यान दिया गया और परिचर्चा की गई।

डॉ. भानू प्रताप ने अपने व्याख्यान में बताया कि "कोरोनावायरस महामारी के बाद वैश्विक स्तर पर शक्तियों का संतुलन बदलेगा।"
उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि "जो देश कोरोनावायरस महामारी से लड़ने में अग्रणी भूमिका निभा रहें हैं और बेहतर कदम उठा रहे हैं, आने वाले समय में विश्व के संगठनों में उनको महत्वपूर्ण भूमिका मिलनी चाहिए।"

विधि विभाग के ही प्रो. आर.के. सिंह ने इस बात पर ज़ोर दिया कि "कोरोनावायरस महामारी से लड़ने के लिए सभी देशों के बीच परस्पर सहयोग बहुत ही ज़रूरी है।"

डीन प्रो. सी.पी. सिंह ने ये भी बताया कि कोरोनावायरस महामारी के बाद विश्व के संगठनों का पुनर्गठन होना चाहिए और सभी संगठनों में चीन से सभी अहम भूमिकाएं वापस ले लेनी चाहिए।"
इस वेबिनार को आयोजित कराने में विधि संकाय लविवि के छात्र सक्षम अग्रवाल, सचिन वर्मा, हरि गोविन्द दुबे, शिशिर यादव, शिखर ने मुख्य भूमिका निभाई।